हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 2 मार्च, 2022/11 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 22

सड़क दुर्घटनाएं

1908 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं से कितने लोगों की मृत्यु हुई है; जिलावार व वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) सरकार इन दुर्घटनाओं को रोकने हेतु क्या पग उठा रही है; जिलावार, राष्ट्रीय व राज्य उच्च मार्गवार ब्यौरा दें; और

(ग) ब्लैक स्पॉट कितने राष्ट्रीय व राज्य उच्च मार्गों व अन्य मार्गों पर चिन्हित किए गए हैं तथा उन्हें ठीक करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; इस कार्य हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; जिलावार, वर्षवार एवं राष्ट्रीय/राज्य उच्च मार्गवार ब्यौरा दें?

सम्पर्क सड़क

1909 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) विधायक प्राथमिकताओं में तीन मीटर चौड़ाई वाली सम्पर्क सड़कें बनाई जा सकती हैं;

(ख) यह सत्य है कि इंडियन रोड कांग्रेस द्वारा तीन मीटर चौड़ाई वाली सड़कों को भी मान्यता दी गई है; और

(ग) जनजातीय क्षेत्र में अनेक ऐसे स्थान हैं जहाँ पर मोटरेबल सड़क बनाने के लिए पर्याप्त चौड़ाई उपलब्ध नहीं है एवं बहुत से ऐसे गांव हैं जिनके अन्दर से बागवानी व कृषि विकास के लिए जीपेबल तीन मीटर चौड़ाई वाली सड़कें ही बनाई जा सकती हैं; यदि हां, तो इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार नाबार्ड द्वारा पोषित योजनाओं में जीपेबल तीन मीटर चौड़ाई वाली सड़कों को बनाने के लिए अनुशंसा करेगी; ब्यौरा दें?

रिक्त पद

1910 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) स्वास्थ्य विभाग में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता व पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता के कितने पद रिक्त पड़े हैं;

(ख) कितने पद स्टाफ नर्स के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल अस्पतालों एवं क्षेत्रीय अस्पतालों में रिक्त पड़े हैं; और

(ग) जिला किन्नौर में स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स, प्रयोगशाला तकनीशियन, एक्स-रे तकनीशियन, सफाई कर्मचारियों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं क्षेत्रीय अस्पताल में कितने पद रिक्त पड़े हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

चिकित्सा प्रतिपूर्ति

1911 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक पेंशन धारकों के कितने चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल भिन्न-भिन्न विभागों में लम्बित पड़े हैं; विभागवार ब्यौरा दें; और

(ख) लम्बित धनराशि की अदायगी कब तक कर दी जाएगी?

वैट से आय

1912 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश सरकार को पैट्रोलियम पदार्थों पर वैट से कितनी आय प्राप्त हुई;

(ख) नवम्बर, 2021 तक पैट्रोलियम पदार्थों पर कितना वैट कम किया गया व वर्तमान में कितना है; और

(ग) सरकार पैट्रोलियम पदार्थों पर वैट को कम करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

ब्लैक स्पॉट

1913 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितने ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं; इन ब्लैक स्पॉटों को सुधारने के लिए विभाग द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए; इनके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कहां-कहां पर क्रैश बैरियर लगाए गए हैं व किन-किन स्थानों पर क्रैश बैरियर लगाए जाने प्रस्तावित हैं; ब्यौरा दें?

वनों की सुरक्षा

1914 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक वन मण्डल नालागढ़ के तहत जंगलों की सुरक्षा के लिए क्या-क्या पग उठाए गए; पौधारोपण फैंसिग, क्लीनिंग, कूहलों, सिंचाई, जंगल के रास्तों की मरम्मत, पौधारोपण, आग बुझाने, फायर लाइन, सूखे एवं गिरे पेड़ों की मार्किंग इत्यादि हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा कहां-कहां पर व्यय किया गया; इस अवधि में वन मण्डल के तहत कितने-कितने पौधे किस-किस मण्डल में लगाए गए व कितने-कितने पौधे सुरक्षित बचे हैं; और

(ख) विधायक प्राथमिकता व अन्य मदों से बनने वाली सड़कें जिनमें वन भूमि आती है; उनका वन विभाग के पास कब आवेदन आया तथा इन्हें कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी; अद्यतन स्थिति सहित सड़कवार ब्यौरा दें?

स्वीकृत योजनाएं

1915 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़)**:

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण बद्दी के अन्तर्गत नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी योजनाओं के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; योजनाओं का नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ख) किन-किन योजनाओं की गुणवत्ता जांच करवाई गई तथा दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; योजनाओं के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

1916 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल नालागढ़ के तहत मुख्य मंत्री सड़क योजना में कितनी सड़कों के लिए धनराशि स्वीकृत हुई; सड़क के नाम व स्वीकृत एवं व्यय की गई धनराशि सहित ब्यौरा दें;

(ख) इनका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है; यदि नहीं, तो विलंब के कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में लोक निर्माण मण्डल नालागढ़ के तहत नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी योजनाओं के ऑफलाइन टेंडर लगाए गए; योजनावार स्वीकृत एवं व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा दें?

पर्यटन को बढ़ावा

1917 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)**:

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग (GHNP सहित) द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किन-किन योजनाओं के अन्तर्गत किन-किन कार्यों के लिए

धनराशि व्यय की गई; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग (GHNP सहित) द्वारा कोई प्रस्ताव/योजना तैयार की गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

स्थाई नीति

1918 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)**:

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के अन्तर्गत पौधशालाओं में कार्यरत कर्मचारियों हेतु सरकार स्थाई नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; ब्यौरा कार्यरत कर्मचारियों के नाम व कार्यकालवार दें?

पट्टे पर खनन

1919 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)**:

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कुल्लू जिला में पट्टे पर खनन के लिए सरकार द्वारा कितने मामलों में अनापत्ति व पर्यावरण प्रभाव आकलन समिति की ओर से पर्यावरणीय अनापत्ति प्रदान की गई है; वैध रूप से पट्टे पर दिए गए खनन स्थलों का विभाग द्वारा सीमांकन किया गया है; प्रदेश में आबंटित खनन स्थलों पर बड़ी जे0सी0बी0 व एल0&टी0 मशीनों का प्रयोग क्या वैध है;

(ख) विभाग द्वारा आबंटित क्रशरों व पट्टे पर दिए खनन स्थलों से वैध या अवैध रूप से अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को होने वाले नुकसान के एवज में क्षतिपूर्ति के लिए कानून में क्या प्रावधान किए गए हैं; क्या विभाग द्वारा इस तरह की कोई कार्रवाई अमल में लाई गई है; ब्यौरा दें; और

(ग) कुल्लू जिला में विभाग द्वारा पट्टे पर खनन के लिए दी गई भूमि, भू-धारक व पट्टे पर उठाने वालों का नाम सहित ब्यौरा दें?

बार लाइसैंस

1920 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा कितने बार लाइसैंस जारी किए गए हैं; उनमें से कितने चल रहे हैं व कितने बंद हैं तथा कितनों ने लाइसैंस का नवीनीकरण नहीं करवाया है; बार के

मालिक, बार का नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ख) लाइसैंस नवीनीकरण न करवाने वालों के विरुद्ध विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

स्कूल भवन निर्माण

1921 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डोडरा-क्वार के भवनों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

टी0डी0

1922 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)**:

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू मण्डल में दिनांक 31.01.2022 तक टी0डी0 के कितने मामले लम्बित पड़े हैं; कारण सहित नामवार ब्यौरा दें; रोहड़ू मण्डल के अन्तर्गत जिन-जिन स्थानों में आग से काफी नुकसान हुआ है, क्या वहां सभी पीड़ित लोगों को टी0डी0 मुहैया करवा दी गई है; यदि नहीं, तो कारण?

पठानकोट-चक्की-मंडी फोरलेन सड़क

1923 **श्री मुलख राज (बैजनाथ)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पठानकोट-चक्की-मंडी फोरलेन सड़क के अनुभाग परौर (जिला कांगड़ा) से चौंतड़ा (जिला मंडी) का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

कनिष्ठ अभियन्ता का पद

1924 **श्री मुलख राज (बैजनाथ)**:

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नगर पंचायत बैजनाथ में कनिष्ठ अभियन्ता के रिक्त पद को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

आपराधिक मामले

1925 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नारकोटिक्स (चरस एवं अफीम), हत्या एवं आत्महत्या के कितने मामले पंजीकृत किए गए; दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा मामलावार व वर्षवार दें?

पी0एम0जी0एस0वाई0/नाबार्ड कार्य

1926 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और नाबार्ड में कितने कार्य प्रगति पर हैं; कितने पूर्ण हो चुके हैं; करारनामा के तहत सभी कार्य ठेकेदारों ने कब तक पूर्ण करने हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) ये सभी कार्य कितनी धनराशि के हैं; इन सभी कार्यों में कितनी धनराशि व्यय होनी है तथा इस हेतु कितनी स्वीकृत हुई है व कितनी शेष है; इन कार्यों हेतु कितनी धनराशि की निविदाएं आमंत्रित हुई व कितनी आबंटित हुई; कार्यवार ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

1927 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत किस-किस सड़क के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; सड़कों का ब्यौरा कार्यवार, वर्षवार व अद्यतन स्थिति सहित दें?

Vacant Posts

1928 **Sh. Nand Lal(Rampur) :**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state what is the sanctioned/posted strength of Doctors/Pharmasist, Field staff and Ministerial staff in Rampur Assembly Constituency and by when the vacant posts will be filled-up?

DPRs

1929 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during last 3 years upto 01.02.2022, what is the number of DPRs prepared by the Public Works Department in Rampur Assembly Constituency and by when the remaining DPRs will be prepared?

Yash Paul Sharma,

Secretary.